दैनिक जागरण 20/09/2025

# नप ने जीएमएन कालेज के प्राचार्य को किया सम्मानित



जीएमएन कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त को सम्मानित करते हुए। • विज्ञप्ति

**अंबाला • (विज्ञप्ति) :** गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी के प्राचार्य डा. रोहित दत्त को स्वच्छ भारत मिशन 2025 में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए नगर परिषद (नप) अंबाला सदर द्वारा प्रशंसा प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। यह सम्मान "स्वच्छ अंबाला, हरित अंबाला" अभियान के अंतर्गत प्रदान किया गया। इसमें डा. दत्त के निरंतर प्रयासों को मान्यता दी गई। उन्होंने न केवल संस्थान बल्कि समाज में भी स्वच्छता, पर्यावरण-जागरूकता और सतत विकास की दिशा में प्रेरणादायी कार्य किए हैं। प्राचार्य ने कहा कि यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि अंबाला को हरा-भरा और साफ-सुथरा रखें। सभी के प्रयास से ही यह लक्ष्य हासिल किया जा सकेगा।